# अभ्यास कार्य (Exercise)

## बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQ)

निर्णयात्मक कौशल (Critical Skills)

(क) सही उत्तर वाले गोले को OMR शीट में रँगिए-

1. उत्तर भारत में बहुत से युद्ध किस नगर पर अधिकार करने के लिए लड़े गए?

   (a) नासिक (b) कन्नौज (c) मथुरा (d) प्रयाग

2. पच्चीस वर्षों के थोड़े से समय में महमूद गजनवी ने भारत पर कितनी बार आक्रमण किए?
   (a) सात बार (b) तीन बार
   (c) दस बार (d) सत्रह बार
3. 'पृथ्वीराज रासो' के लेखक थे–
   (a) बाणभट्ट (b) चंदबरदाई
   (c) फिरदौसी (d) तुलसीदास
4. भारत में से निर्यात की जाने वाली वस्तुओं में थी–
   (a) मक्का (b) मसाले
   (c) घोड़े (d) गेहूँ और चावल

**OMR Sheet**

**गोले को सावधानीपूर्वक एवं पूर्णतया रँगिए।**

**गलत तरीका–**

**सही तरीका–**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ⓐ | ⓑ | ⓒ | ⓓ |
| 2. | ⓐ | ⓑ | ⓒ | ⓓ |
| 3. | ⓐ | ⓑ | ⓒ | ⓓ |
| 4. | ⓐ | ⓑ | ⓒ | ⓓ |

## लिखित प्रश्न (Written Questions)

लेखन कौशल (Writing Skills)

**(ख) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

1. कन्नौज नगर ___हर्ष___ की राजधानी था।
2. राजपूतों का संबंध प्राचीन ___सूर्यवंशी___ या ___चंद्रवंशी___ राजाओं से जोड़ा गया।
3. पृथ्वीराज ने 1191 ई में तराइन के प्रथम युद्ध में ___मुहम्मद गोरी___ को परास्त किया।
4. ___राज्य___ और ___सामन्त___ वैभवशाली जीवन व्यतीत करते थे।
5. अपभ्रंश का शाब्दिक अर्थ है-___बिगड़ी हुई भाषा___।

**(ग) सही कथन के सामने 'सत्य' तथा गलत के सामने 'असत्य' लिखिए–**

1. इस काल में विज्ञान के क्षेत्र में बहुत विकास हुआ। ___असत्य___
2. इस काल में बौद्ध धर्म के प्रचार में कमी आई। ___सत्य___
3. मुहम्मद गौरी ने पृथ्वीराज चौहान को तराइन के पहले युद्ध में परास्त किया। ___असत्य___
4. सामंती व्यवस्था से राजा की आय में वृद्धि हुई। ___सत्य___
5. मध्यकाल में भक्ति उपदेशकों ने अपने उपदेश संस्कृत में दिए। ___सत्य___

**(घ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

(Lesson-11)

# उत्तर भारत के राज्य (800 ई० से 1200 ई०)

## अतिलघु उत्तरीय प्रश्न —

प्र० 1. पृथ्वीराज चौहान कौन था ?

उ०. पृथ्वीराज चौहान अजमेर के चौहान वंश का शासक था।

प्र० 2. 'पृथ्वीराज रासो' नामक काव्य ग्रंथ किसने और किसके सम्मान में लिखा ?

उ०. पृथ्वीराज चौहान का दरबारी कवि चंदबरदाई ने 'पृथ्वीराज रासो' काव्य ग्रन्थ में पृथ्वीराज चौहान के शासनकाल के घटनाओं का वर्णन किया।

प्र० 3 उत्तर भारत में किस सम्प्रदाय को मानने वाले लोग थे ?

उ०. उत्तर भारत में वैष्णव और शैव दोनों सम्प्रदायों को मानने वाले लोग थे

लघु उत्तरीय प्रश्न –

प्र०1. कन्नौज के ~~संघर्ष~~ राज्य के लिए संघर्ष करने वाले तीन प्रमुख राज्य कौन-कौन से है ?

उ०. उत्तर भारत में कन्नौज पर अधिकार करने के लिए लड़ाईयाँ लड़ी गईं। कन्नौज पर अधिकार करने के लिए तीन राज्य – राष्ट्रकूट, प्रतिहार, और पाल युद्ध में ~~लगे~~ लगे रहे।

प्र०2 महमूद गजनवी ने भारत पर आक्रमण क्यों किया।

उ०. महमूद गजनवी गजनी को एक बड़ा ~~साम्राज्य~~ शक्तिशाली साम्राज्य बनाना चाहता था। इसलिए उसने मध्य एशिया के कुछ भागों को जीत लेना चाहा। वह इसके लिए धन एकत्र करके अपनी सेना को सुसज्जित करना चाहता था। अतः धन एकत्र करने के उद्देश्य से उसने भारत पर ~~3~~ सत्तरह बार आक्रमण किया।

प्र03 मध्यकाल की वास्तुकला और चित्रकला बताइए।

उ0. मध्यकालीन वास्तुकला में वास्तुकला के क्षेत्र में बहुत विकास हुआ। इस अवधि के दौरान, भारत के विभिन्न हिस्सों में शासकों ने कई स्मारक, महल, किले, मकबरे, मन्दिर तथा मास्जिद बनवाए। इस अवधि के सभी राजाओं ने कई प्रसिद्ध ऐतिहासिक स्मारक बनवाए।

प्र05. अमोघवर्ष ने क्या प्रयास किया?

उ0. राष्ट्रकूट वंश के राजा अमोघवर्ष ने कई तरह के प्रयास किए।

1- उन्होंने अपने राज्य में शांति और व्यवस्था बनाए रखी।
2. उसने सभी धर्मों में समन्वय लाने का प्रयास किया।
3. उसने आक्रमणकारीयों से अपने देश को सुरक्षित रखा।

Page No.:
Date: / /

— दीर्घ उत्तरीय प्रश्न —

प्र० 1. कन्नौज के संघर्ष का विस्तारपूर्वक वर्णन कीजिए ।

उ०. उत्तरी भारत के कन्नौज क्षेत्र पर नियंत्रण के लिए 8वीं और 9वीं शताब्दी में पाल, प्रतिहार और राष्ट्रकूट के बीच दो शताब्दियों का संघर्ष था। इस संघर्ष में कन्नौज पर नियंत्रण के लिए इन तीनों राज्यों ने लड़ाई लड़ी। पालों ने पूर्वी क्षेत्र पर शासन किया, जबकि प्रतिहारों ने पश्चिमी क्षेत्रों और राष्ट्रकूटों ~~ब~~ ने दक्कन क्षेत्र पर शासन किया, इस संघर्ष को कन्नौज त्रिभुज युद्ध भी कहा जाता है।

प्र०. मध्यकाल की शिक्षा एवं ज्ञान पद्धति समझाइए ।

उ०. मध्यकाल में शिक्षा धर्म एवं जाति पर आधारित थी, ~~इस~~ जिसमें ब्राह्मण सबसे अधिक शिक्षित थे, इस काल

Date : / /

में ज्ञान की भाषा संस्कृत थी, इसमें शिक्षा मन्दिरों में दी जाती थी। सभी धार्मिक पुस्तके पढ़ते थे.

प्र०3। इस काल में देश की आर्थिक और सामाजिक स्थिति की मुख्य विशेषताएँ क्या थीं ?

उ० मध्यकालीन भारत में आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति की मुख्य विशेषताएँ निम्नलिखित हैं।

1. मध्यकालीन युग में लोग अपनी आजिविका चलाने के लिए बिभिन्न व्यवसाय और अन्य प्रथाओं का पालन करते थे, इस प्रथाओं में कृषि, व्यापार, वाणिज्य एवं शिल्प आदि शामिल थे।

2. राज्य ने उत्पादन और संसाधनों के आधार पर अपने शासन को बनाए रखने के लिए कर लगाता था।

3. कृषि अर्थव्यवस्थाएँ विकसित हुईं और उत्पादकता बढ़ी।

...ण किसने और किसके समान ...

५. मध्यकालीन भारत में जाति व्यवस्था के आधार पर समाज का वर्गीकरण हुआ।